प्रेस नोट

दिनांक 23.07.2022

जनपद अम्बेडकरनगर थाना हंसवर व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मृतका नीलम मौर्य पुत्री रामसन्तोष मौर्य निवासी कल्याणपुर उदनपुर थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

घटना के बारे में उल्लेखनीय है कि दिनांक 20-07-2022 को मृतका नीलम मौर्य पुत्री रामसन्तोष मौर्य निवासी कल्याणपुर उदनपुर थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर का शव गांव के पास जंगल में मिला था। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-120/22 धारा-302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था तथा स्थानीय पुलिस को घटना के सफल अनावरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये थे।

दिनांक 23.07.2022 को स्थानीय पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना के आधार पर मृतका की हत्या की घटना में संलिप्त अभियुक्त मनीषचन्द्र यादव पुत्र गंगासहाय यादव निवासी हीरापुर मोमीनपुर थाना हंसवर जनपद अम्बेडकनगर को हीरापुर मोमीनपुर चौराहा से जल्लापुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त-

01.मनीषचन्द्र यादव पुत्र गंगाधर यादव निवासी सेवापुर मोमीनपुर थाना हंसवर जनपद अम्बेडकनगर।

विवरण बरामदगी-

01. एक अदद खुर्पा

विवरण आपराधिक इतिहास-

01. मु0आ0सं0 120/22 धारा 302, भादवि थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम- (थाना हंसवर)

01. थानाध्यक्ष श्री अभय कुमार मय फोर्स
02. प्रभारी स्वाट मय फोर्स